लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती

स्रोत: पीआईबी

हाल ही में **प्रधानमंत्री ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण** को उनकी जयंती पर **श्रद्धांजलि अर्पित की।**

परिचय:

- जयप्रकाश नारायण का **जन्म 11 अक्तूबर, 1902 को सिताबदियारा, बिहार में हुआ** था।
- वह एक भारतीय स्वतंत्रता कार्यकर्त्ता, समाज सुधारक व राजनेता थे।

विचारधारा:

- संयुक्त राज्य अमेरिका में अध्ययन के बाद **मार्क्सवादी विचारों** से प्रभावित थे।
- **भारत में ब्रिटिश शासन का कड़ा विरोध किया** तथा समाजवादी सिद्धांतों के माध्यम से स्वतंत्रता पर ज़ोर दी।
- **उनका उद्देश्य सर्वोदय के आदर्शों** के अनुरूप सामाजिक परिवर्तन लाना था, **जो कि सभी के लिये प्रगति पर ज़ोर देने वाला गांधीवादी दर्शन है।**

प्रमुख कार्य:

- **वर्ष 1929 में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस** में शामिल हुए और सविनय अवज्ञा आंदोलन तथा भारत छोड़ो आंदोलन **में भाग लिया।**
- **कॉन्ग्रेस सोशलिस्ट पार्टी** की सह-स्थापना की तथा कॉन्ग्रेस पार्टी के भीतर वामपंथी दृष्टिकोण का समर्थन किया।
- भूदान ग्रामदान (आचार्य विनोबा भावे द्वारा शुरू किया गया) आंदोलन को बढ़ावा दिया, इस आंदोलन के तहत उनकी मांग भूमिहीनों को भूमि पुनर्वितरण की थी।
- वर्ष 1959 में उन्होंने चार स्तरीय शासन प्रणाली के साथ **एक विकेंद्रीकृत राजनीतिक संरचना का प्रस्ताव रखा।**
- उन्होंने **आपातकाल (1975 से 1977)** के विरुद्ध **सम्पूर्ण क्रांति आंदोलन का नेतृत्व किया** और भ्रष्टाचार तथा अधिनायकवाद के **मुखर आलोचक** बन गए।

मौत:

- 8 अक्तूबर, 1979 को उनकी मृत्यु हो गई और उन्हें **वर्ष 1999 में मरणोपरांत** भारत रत्न **से सम्मानित किया गया।**

और पढ़ें: जयप्रकाश नारायण

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/birth-anniversary-of-loknayak-jayaprakash-narayan